हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 5 अप्रैल 2024

[ दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा ]

तापमान

अधिकतम 28.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

4 सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी चुईया को कारण बताओ नोटिस जारी




# NEET और JEE में चयन नहीं होने पर शत-प्रतिशत फीस वापसी की गारंटी

**प्राइम कैरियर में ड्रापर व समर कोर्स 8 अप्रैल से प्रारंभ**



भिलाई। ऐसे छात्र-छात्राएं जो अभी 12वीं की परीक्षा दिए है। उनके लिए 8 अप्रैल से ड्रापर बैच प्रारंभ हो रहा है। जो कि NEET व JEE के छात्र-छात्राओं के लिए है। ड्रापर बैच प्रत्येक दिन 6 घंटे क्लास व 3 घंटे डाउट क्लास लिया जाता है। प्रत्येक रविवार को परीक्षा नीट व जेईई परीक्षा पर आधारित टेस्ट ली जाती है। जिसका परिणाम प्रत्येक सोमवार को आता है। छात्र-छात्राओं को पढ़ाने वाले फैकल्टी आईआईटीयंस डॉक्टर्स छात्रों को शिक्षा देते है। पिछले वर्ष नीट परीक्षा में कुंवर सिंह 720 नंबर में 695 अंक प्राप्त कर पूरे छत्तीसगढ़ में प्रथम स्थान हासिल किया। इसी तरह अपूर्व 680, अंकित मंडावी 655, ओमप्रकाश 632, आकांक्षा यादव 617, श्वेता सिंह 612 अंक प्राप्त कर छत्तीसगढ़ में सर्वश्रेष्ठ परिणाम देकर एक अलग पहचान बनाया है। आईआईटी जेईई की परीक्षाओं में समीर, लाडेकर आईआईटी मुंबई, शैलेंद्र साहू आईआईटी पटना, प्रफुल्ल देवांगन आईआईटी B.H.U. में दाखिला हुआ। इसी तरह अनेक छात्र-छात्राओं ने देश के प्रतिष्ठित मेडिकल कॉलेज और आईआईटी व NIT कॉलेज में दाखिल हुआ। प्राइम कैरियर इंस्टीट्यूट भिलाई शाखा में लगातार नीट व जेईई में टॉप टेन में परिणाम दे रहा है। जो देश में एक अलग पहचान बनाया है क्योंकि यहां डॉक्टर और आईआईटीयंस के द्वारा बच्चों को पढ़ाया जाता है। यहां हॉस्टल की भी सुविधा है। ऐसे छात्र जो अभी 10वीं की परीक्षा दिए है। उन छात्र-छात्राओं के लिए समर कोर्स 8 अप्रैल से प्रारंभ हो रहा है। समर कोर्स में यहां 100 प्रतिशत कोर्स कम्पलेट कराया जाता है। समर कोर्स वाले बच्चों को स्टडी मटेरियल भी दिया जाता है। जो कि नीट व जेईई के छात्र के लिए बहुत उपयोगी है। यह समर कोर्स केवल तीन माह के लिए है। बच्चों के लिए आयोजित मोटिवेशन कांफ्रेंस भी होता है। प्राइम कैरियर इंस्टीट्यूट पूरे प्रदेश में एक मात्र संस्था है जहां स्टार बैच भी है। स्टार बैच में पढ़ने के बावजूद नीट व जेईई में चयन नहीं होता है तो 100 प्रतिशत फीस रिफंड किया जाता है वह भी लिखित दस्तावेज में, भिलाई में तीन शाखा है। पहला प्राइम कैरियर इंस्टीट्यूट सेक्टर-10 ए मार्केट, दूसरा 178/179 न्यू सिविक सेंटर, तीसरा 262 जोनल मार्केट में संचालित है। जिसका मो. नं. 83195-71832 व 7880169887


## खबर संक्षेप

### जिला प्रभारी सराफ लेंगे बैठक

**कोरबा।** लोकसभा चुनाव को देखते हुए युवा मोर्चा के द्वारा सभी विधानसभा क्षेत्रों में अलग-अलग समिति तैशर की गई है। इस समिति के सदस्यों को सक्रिय करने के लिए प्रदेश के नेताओं का लगातार दौरान हो रहा है। तानाखार में आयोजित बैठक को प्रदेश अध्यक्ष रवि भगत ने संबोधित किया था। इनके साथ अंकित जायसवाल, राहुल सराफ भी थे। इनके यहां पहुंचने पर दिलीप यादव, विशाल मोटवानी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। इसके बाद कटघोरा विधानसभा क्षेत्र की बैठक हुई यहां पर रवि भगत के पहुंचने पर उत्तम रणधावा, समदीप सिंह, किशन केश्वरवानी, विवेक मारकण्डे, जय गर्ग, अनुराग दुहलीानी ने ने स्वागत किया। रामपुर विधानसभा क्षेत्र की बैठक उरगा में हुई। यहां पर लोकसभा प्रभारी जितेन्द्र देवांगन के पहुंचने पर धनजंय चौहान ,प्रकाश यादव, शुभभ हलवाई, दिनेश तिवारी, प्रवीण उपाध्याय के नेतृत्व में स्वगत किया गया। आज कोरबा विधानसभा की बैठक है। जिला प्रभारी राहुल सराफ बैठक लेंगे।

### कोरबा एवं रामपुर विधानसभा कार्यकर्ता सम्मेलन आज

**कोरबा।** आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भारतीय जनता पार्टी के विभिन्न विधानसभा क्षेत्र में कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज बुधवारी व रजगामार स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में कोरबा व रामपुर विधानसभा क्षेत्र का कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया है। सम्मेलन में लोकसभा प्रत्याशी सुश्री सरोज पाण्डेय के साथ केबिनेट मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, राम विचार नेताम, लखन लाल देवागन, पूर्व गृह मंत्री ननकी राम कंवर सहित भारतीय जनता पार्टी के समस्त वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं नेता उपस्थित रहेंगे।

### एसईसीएल में पदस्थ चिकित्सक और नर्स के खिलाफ शिकायत

**कोरबा।** एसईसीएल बांकीमोंगरा विभागीय अस्पताल में पदस्थ चिकित्सक व नर्स के खिलाफ एक कोल कर्मी ने कलेक्टर व एसईसीएल महाप्रबंधक से शिकायत कर कार्यवाही की मांग की है। एसईसीएल के बांकीमोंगरा के विभागीय अस्पताल में कोल कर्मी विकास कुमार उपचार के लिए पहुंचा था। इस दौरान चिकित्सक ने परीक्षण उपरांत उसे बीपी की दवाईयां दी थी। जिससे उपयोग में लाने के बाद दवाईयां विकास कुमार को कोई लाभ नहीं पहुंचा। विकास कुमार ने अपनी शिकायत में उल्लेख किया है कि सही दवाई नहीं मिलने पर वह दोबारा अस्पताल पहुंचा, तब अस्पताल में पदस्थ चिकित्सक व नर्स के द्वारा उसके खिलाफ अभद्रता पूर्वक व्यवहार किया गया। जिसके बाद विकास कुमार ने मामले की शिकायत कलेक्टर व एसईसीएल महाप्रबंधक से की है।

### प्रबंधन के साथ लंबित मामलों पर होगी चर्चा

**कोरबा।** एसईसीएल प्रबंधन ने एसईकेएमसी की आई वार वार्ता बुलाई है। जिसमें लंबित मामलों पर चर्चा की जाएगी। कई ऐसे मामले है जिस पर चर्चा की गई है, लेकिन अभी तक मांग पूरी नही हुई है। बैठकों में इन सभी मुद्दों को बार बार उठाया जाता रहा है। एसईकेएमसी के गोपाल यादव, विकास शुक्ला, छंदराम राठौर, अनिल राठौर, एलिन एक्का का कहना है कि कोयला कामगार सबसे अधिक उड़ते धूल से परेशान हैं। कई ऐसे कामगार हैं जो बीमार है और अपना जॉब परिवर्तन कराना चाहते है। प्रबंधन को सूची दे दी गई है। इसी तरह पदोन्नित के कई मामले हैं अस्पताल में दवाईयों की सुविधाओं पर भी चर्चा होगी।

**कटघोरा वनमंडल के केंदई वन परिक्षेत्र के ग्राम परला की घटना**

# घर में घुसा हाथी, ग्रामीण ने परिवार सहित पटाव में छिपकर बचाई जान, मकान किया क्षतिग्रस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

हाथियों का उत्पात थमने का नाम नहीं ले रहा है। अपने झुंड से अलग हुए एक दंतैल हाथी एक ग्रामीण के घर में जा घुसा था। अपने झुंड से अलग हुआ एक दंतैल हाथी एक ग्रामीण के घर में जा धमका था। हाथी के आते ही घर में मौजूद लोग सकते में आ गए और अपनी जान बचाने के लिए घर में बने पटाव पर जाकर बैठ गए। जैसे तैसे इसकी सूचना मोबाइल के माध्यम से वन विभाग को दी गई और वन अमले की टीम मौके पर पहुंची। जहां घंटों मशक्कत के बाद किसी तरह रेस्क्यू कर ग्रामीणों को सुरक्षित बचाया गया।

कटघोरा वनमंडल में हाथियों का उत्पात निरंतर बढ़ते ही जा रहा है। बताया जाता है कि अपने झुण्ड से अलग हुआ एक दंतैल हाथी गुरुवार की रात लगभग 12 बजे केंदई वन परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम परला निवासी चंद्रिका प्रसाद के घर जा धमका था। हाथी के आते ही चंद्रिका प्रसाद व उसकी पत्नी और एक अन्य व्यक्ति अपने आपको बचाने के लिए सीधे घर के पटाव पर जा पहुंचे और इसकी सूचना वन विभाग के अफसर को दी। केंदई वन परिक्षेत्र अधिकारी अभिषेक को इसकी सूचना मिलते ही वे तत्काल अपने लव लस्कर के साथ ग्राम परला पहुंचे और घर में घुसे हाथी को भगाने के लिए मसाल व ग्रामीणों की मदद से जमकर शोर मचाया गया। जिसके बाद हाथी वहां से भाग निकला। इसके उपरांत वन हमले की टीम घर के छत पर फंसे चंद्रिका प्रसाद और उसके परिवार के सदस्यों को बाहर निकालकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया तब जाकर लोगों ने राहत की सांस ली।



एनएच पार करता हाथी।

#### एनएच 130 की फिर रुक गई थी रफ्तार

कटघोरा वनमंडल क्षेत्र में विचरण कर रहे हाथियों का झुंड अक्सर जंगल को पार करने के लिए एनएच के रास्ते का इस्तेमाल करते हैं। बताया जाता है कि दो हाथियों का झुंड गुरुवार की देर शाम कापानवापारा के पास जंगल को पार करने के लिए एनएच 130 का सहारा लिए। इस दौरान कुछ देर के लिए सड़क की रफ्तार रुक गई थी। वन विभाग के अधिकारी, कर्मचारियों की टीम लगातार निगरानी कर रही थी। जिसके चलते कोई भी मार्ग में परेशानी नहीं हुई और मार्ग कुछ मिनट में ही पुनः बहाल हो पाई।

#### ड्रोन से हो रही निगरानी

कटघोरा वनमंडल में 50 से अधिक हाथियों का झुंड विचरण कर रहा है। जो अलग-अलग झुण्ड में विभक्त हो चुके हैं। बताया जाता है कि मौजूदा स्थिति में पसान व केंदई के अलग-अलग रेंज में हाथियों का झुंड विचरण कर रहा है। इस हाथियों को रोकना वन विभाग के लिए जी का जंजाल बना हुआ है और लगातार मुश्किलें बढ़ती जा रही है। फिलहाल वन विभाग की टीम हाथियों की रात को निगरानी के लिए ड्रोन कैमरा का इस्तेमाल तो कर रही है लेकिन इसके बाद भी कोई ठोस सफलता नहीं मिल रही है और लगातार वनांचल क्षेत्र में बसने वाले लोगों की मुश्किलें भी बढ़ती जा रही है।

#### बस्ती से अलग है घर

वनांचल क्षेत्र में बसने वाले लोग बस्ती में घर न बनाकर जंगल में जाकर बसने लगे हैं। अमूमन हाथी प्रभावित क्षेत्रों में हाथी अलग-थलग पड़े मकान में ही घुसकर तोड़फोड़ मचाते हैं और लोगों की जान लेते हैं। लगातार वन अमले की टीम लोगों को बस्ती के भीतर ही रहने की सलाह दे रहे हैं लेकिन इसके बाद भी लोग अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं और अलग-अलग घर बनाकर ही अपना गुजर बसर कर रहे हैं। बताया जाता है कि चंद्रिका प्रसाद भी कुछ इसी तरह का बस्ती से दूर जंगल से सटे जमीन पर घर बनाकर रहता है। जिसके चलते उसे इस घटना का सामना करना पड़ा है।

# गेवरा खदान में गाड़ी मेंटेनेंस के नाम पर डीजल की चोरी



पुलिस गिरफ्त में डीजल चोर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

गेवरा खदान में भारी वाहनों का मेंटेनेंस करने वाली एक निजी कंपनी को ठेका दिया गया है। जिस कंपनी के अधीन काम करने वाले ठेका कर्मी ही खदान में लगे भारी वाहनों से डीजल चोरी कर रहे थे। एसईसीएल खदान में कार्यरत सीआईएसएफ की टीम ने 6 लोगों को रंगेहाथों पकड़कर पुलिस के हवाले किया है। जिनके कब्जे से 4 सौ लीटर चोरी का डीजल जप्त किया गया है। पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने अपराधिक प्रकरण दर्ज कर किया है।

**खास बात**

- निजी कंपनी के 6 कर्मचारी गिरफ्तार

दीपका थाना प्रभारी युवराज तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि गेवरा परियोजना में सुरक्षा निरीक्षक के पद पर पदस्थ धनाराम सूर्यवंशी उम्र 52 वर्ष पिता स्व. दाऊराम सूर्यवंशी ने दीपका थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 3 अप्रैल की सुबह लगभग 4.30 बजे मोबाइल में उन्हें सूचना मिली कि गेवरा परियोजना के 240 टन डम्फर स्टैण्ड मे खडी डम्फर क्र. सी-1121 से सफेद रंग के कैम्पर क्र. सीजी 12 बीएच 8536 में जेमको कम्पनी मेन्टेनेस टीम बनकर आये चालक सहित 6 लोग 2 ड्रम में लगभग 4 सौ लीटर डीजल चोरी कर भर लिये। वहां 240 टन डम्फर स्टैण्ड मे ड्यूटी कर रहे सीआईएसएफ के जवानों द्वारा उक्त डीजल के बारे में उन लोगों से पूछताछ करने पर सी-1121 डम्फर से डीजल निकालना स्वीकार किया। सीआईएसएफ की टीम ने पकड़े गए सभी कर्मियों को पुलिस के हवाले ⏭ शेष पेज 3 पर

# एनटीपीसी कोरबा के बिजली उत्पादन में आई गिरावट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नेशनल थर्मल पॉवर कॉरपोरेशन कोरबा के बिजली उत्पादन में गिरावट आई है। निर्धारित लक्ष्य से पिछड़ने के अलावा वित्तीय वर्ष 2022-23 से भी कम उत्पादन दर्ज हुआ है। जिले में एनटीपीसी का 2600 मेगावाट क्षमता वाला विद्युत संयंत्र प्रचालन में है। वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 21 175 मिलियन यूनिट बिजली उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित था। संयंत्र से 20,516.97 मिलियन यूनिट बिजली का उत्पादन हो सका। जबकि वित्तीय वर्ष 2022-23 में 20,759.68 मिलियन यूनिट बिजली का उत्पादन हुआ था। पीएलएफ में भी आई कमी संयंत्र ने वित्तीय वर्ष 2023-24 प्लांट लोड फैक्टर 89.84 प्रतिशत दर्ज किया है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में पीएलएफ 91.15 फीसदी था। हालांकि कोरबा संयंत्र का वित्तीय वर्ष 2023-24 का पीएलएफ देश में स्थित एनटीपीसी के अन्य संयंत्रों के मुकाबले सबसे अधिक है।



फाइल फोटो

# कोरबा-कुसमुण्डा मार्ग में चौक पर खुदाई हुई शुरु

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कुसमुंडा फोर लेन निर्माण कार्य के अंतर्गत विकास नगर शिवमन्दिर चौक पर एक ओर बचे हुए तकरीबन 2 से 3 सौ मीटर के पेंच को बनाने का कार्य शुरू किया गया है। जिसके लिए पहले चरण में यहां खुदाई कर ऊपरी मिट्टी हटाई जा रही है, जिसके बाद पीसीसी (कच्ची ढलाई) की जावेगी। जिसके बाद पक्की ढलाई की जावेगी। इस कार्य में 15 से 20 दिन का समय लगने की संभावना है। वहीं जिस स्थान पर कार्य हो रहा है वहां केवल सिंगल सड़क है, इसके साथ ही सड़क किनारे व्यवसायिक दुकानें है। जिसमें एक साथ भारी वाहन और हल्के वाहन की आवाजाही मुश्किल है। बुधवार को शुरू हुए काम के ही दिन जाम लगना शुरू होता दिखाई देने लगा। जिस पर कुसमुंडा थाना प्रभारी रूपक शर्मा मौके पर पहुंचे और यथास्थिति को समझते हुए शिवमन्दिर चौक पर एक जवान और इमलीछापर चौक पर नियमित रूप से एक जवान तैनात कर जाम को व्यवस्थित करने की बात कही गई। यहां कोरबा की ओर से आने वाले भारी वाहनों को रोक रोककर आगे इमली छापर चौक की ओर भेजा जायेगा, हालांकि जिस तरह से शिवमन्दिर चौक की स्थिति है और वाहनों की बड़ी संख्या में आवाजाही जाम लगना लाजमी है परंतु इस उम्मीद में की कोरबा कुसमुण्डा मार्ग पर बाकी बचा हुआ पेंच जल्द से जल्द बन जाए और भविष्य की राह सुगम हो जाए।

# पड़ोसी जिले से बाइक की चोरी कर, छोड़ा लावारिस, पुलिस ने किया बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पड़ोसी जिले से मोटर सायकल की चोरी कर शातिर बदमाशों ने मोटर सायकल की जब पेट्रोल खत्म हो गई तो उसे बांकीमोंगरा के खदान के पास लावारिस छोड़ दिया था। जिसे पुलिस ने बरामद किया है।

बांकीमोंगरा पुलिस की टीम गुरुवार की देर शाम पेट्रोलिंग पर थी इस दौरान खदान नंबर 3-4 बांकीमोंगरा तरफ सुनसान जगह में एक मोटर सायकल खड़ी दिखी जो वहां पर जाकर पेट्रोलिंग टीम के द्वारा आसपास चेक किया गया जो कोई भी व्यक्ति उक्त वाहन के आसपास दिखाई नहीं दिया। वाहन काले रंग का टीवीएस अपाचे मोटर सायकल था जिसके आगे पीछे में नंबर प्लेट नहीं लगा हुआ था। गाड़ी को तस्दीक किया गया जो हेण्डल लॉक टूटना व पेट्रोल टंकी का लॉक टूटा हुआ पाया गया जिससे यह संदेह होता है कि उक्त मोटर सायकल अज्ञात चोरों द्वारा चोरी करके लाया गया था जो वाहन में पेट्रोल खत्म होने पर वहां छोड़कर भाग गये होंगे। वाहन के चेचिस नंबर एवं इंजन नंबर से जानकारी एकत्रित की गई जो जिला जांजगीर चांपा के ग्राम मड़वा निवासी राजेन्द्र पटेल का होना पाया गया। जिससे सम्पर्क किया गया तो उसने बताया कि उसका मोटर सायकल 27 मार्च को चोरी हो गया था जिसकी रिपोर्ट उसने थाना जांजगीर में किया है।



### बाइक ने कालरी कर्मी को मारी टक्कर

**बिश्रामपुर।** शादी का कार्ड बांटने से पैदल सड़क पार कर रहे कालरी कर्मी को अज्ञात बाइक चालक ने जबरदस्त टक्कर मार दी है। दुर्घटना में कालरी कर्मी की स्थिति गंभीर बताई जा रही है, जबकि बाइक सवार भी बेसुध हो गया है। जानकारी के अनुसार सूरजपुर निवासी केतकी खदान में कार्यरत कालरी कर्मी 52 वर्षीय बसंत लाल साहू गुरुवार की शाम नगर के मुख्य मार्केट में प्रेम लाल मोदनवाल के यहां शादी का कार्ड बाटने आया था।

**शहर में कहीं भी चार्जिंग स्टेशन नहीं, बैटरी खत्म होने पर बढ़ जाती है परेशानी**

# ईवी को लेकर लोग हो रहे जागरूक, लेकिन निगम नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ईवी (इलेक्ट्रीकल व्हीकल) की चार्जिंग सुविधा शहर में नहीं है, शहर में एक भी पब्लिक चार्जिंग स्टेशन नहीं है। बैटरी खत्म होते ही घर जाना पड़ता है। ईवी को लेकर एक तरफ लोग तो जागरूक हो रहे हैं, स्कूटी और ई रिक्शे की बिक्री लगातार बढ़ रही है, लेकिन बड़े वाहन चार्जिंग प्वाइंट की कमी को लेकर नहीं बिक रहे हैं। ई रिक्शे को बढ़ावा देने के लिए एक तरफ सरकार सब्सिडी दे रही है। इसके कारण ई रिक्शा मालिक घरों पर ही इन्हें चार्ज कर रहे हैं। शहर में ईको फ्रेंडली वाहनों के नाम पर चलाए जाने वाले ई-रिक्शा का उपयोग कॉमर्शियल होता है, लेकिन यह घरेलू बिजली से चार्ज हो रहे हैं, जिससे हर साल लाखों की चपत विद्युत वितरण कंपनी को लग रही है। इसके अलावा हमेशा हादसे होने का अंदेशा भी बना रहता है।

घर पर ई-रिक्शा चार्ज करते समय शॉर्ट सर्किट हो सकता है, और आग भी लग सकती है। इस तरह की घटनाएं अन्य प्रदेशों में हो चुकी हैं, जिसमें ई-रिक्शा की चार्जिंग के समय शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। इसके बावजूद न तो प्रशासन, न ही विद्युत वितरण कंपनी ने इस ओर ध्यान दिया है। शहर की बात करें तो यहां करीब पांच सौ से ज्यादा ई-रिक्शा चल रहे हैं। एक ई-रिक्शा को चार्ज करने में 6 से 7 घंटे लगते हैं। इस दौरान लगभग 9 यूनिट बिजली खर्च होती है। इस तरह देखें तो एक दिन में चार्जिंग में साढ़े चार हजार यूनिट बिजली चार्जिंग पर खर्च होती है। घरेलू बिजली की दर प्रति यूनिट करीब पांच रुपए और कॉमर्शियल की 9 है। इस तरह से ई-रिक्शा चार्जिंग में घरेलू बिजली पर अधिक खर्च हो रहा है। डोर टू डोर कचरे के उठाव के लिए नगर निगम द्वारा भी ई रिक्शा खरीदी की गई है। ऐसे में उन ई रिक्शा को भी चार्जिंग के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यह रिक्शा में उपयोग की गई बैट्री पर निर्भर करता है। अगर बैट्री लैड की है तो ये 60 से 70 किमी तक चलता है। वहीं अगर लीथियम बैट्री है तो इसकी क्षमता बढ़ जाती है और ये 70 से 80 किमी तक चलता है।

**खास बात**

- शहर में ई-चार्जिंग की अभी नहीं है सुविधा, बैटरी खत्म होने पर जाना पड़ता है घर



फाइल फोटो

#### इस वजह से हादसे का डर

शहर में ई रिक्शा चार्जिंग प्वॉइंट नहीं बनाए गए हैं। लोग घरों में और बिल्डिंग में ही ई रिक्शा चार्ज कर रहे हैं। घरों में चार्जिंग के दौरान शार्ट सर्किट की संभावना अधिक रहती है। दरअसल चार्जिंग के लिए घरों में पावर प्लग नहीं होते ऐसे में शार्ट सर्किट अधिक होते हैं। चार्जर काफी महंगा आता है। खराब होने पर बदलना काफी महंगा पड़ता है।

#### रेलवे स्टेशन व बस स्टैंड में चार्जिंग प्वाइंट बनाने की मांग

ई रिक्शा संचालित करने वाले चालकों की मांग है कि रेलवे स्टेशन व बस स्टैंड में चार्जिंग प्वाइंट बनाया जाए। जहां एक साथ छह से आठ वाहनों को चार्ज किया जा सके। बिलासपुर शहर में कई जगह चार्जिंग प्वाइंट बनाया जा चुका है। शहर में अगर ये बन जाए तो रिक्शा संचालकों को परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। ई रिक्शा मालिक अच्छी खासी कमाई भी कर रहे हैं, लेकिन चार्जिंग प्वाइंट नहीं होने की वजह से परेशानी का सामना भी करना पड़ रहा है। बैटरी लो होते ही चार्जिंग के लिए सीधे घर जाना पड़ता है। कई बार रास्ते में ही रिक्शा बंद पड़ जाती है। इससे काम प्रभावित हो रहा है। यही वजह है कि बहुत सारे लोगों ने ई रिक्शा बंद कर दिया है।

### श्रीमद् भागवत कथा पुराण यज्ञ का आयोजन 9 से

**हरदीबाजार।** हरदीबाजार पुरानी बस्ती (माताचौरा) में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा पुराण ज्ञान यज्ञ 9 अप्रैल को कलशयात्रा से आरंभ होकर 17 अप्रैल गीता पाठ, विष्णु सहस्त्रधारा, तुलसी वर्षा, हवन, पूर्णाहुति, ब्राम्हण भोज, प्रसाद वितरण व देव विसर्जन के साथ विश्राम होगा। कथा व्यास पीठ से पंडित रमाकांत महराज राष्ट्रीय भागवताचार्य अपने मुखारविंद से कथा का रसपान कराएंगे। वहीं प्रतिदिन सुबह 8 बजे बेदी पूजन, तुलसी परिक्रमा आरती व कथा प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से सांय 7 बजे तक होगी। जहां आयोजक परिवार बद्री प्रसाद राठौर, श्रीमती प्रेमबाई राठौर, उमेश राठौर, श्रीमती रमा राठौर, लोकेश राठौर, श्रीमती पुष्पा राठौर, तारेश राठौर के द्वारा गांव व क्षेत्र के सभी लोगों को इस अनुष्ठान में उपस्थित होने का आग्रह किया गया और भागवत कथा का श्रवण का पुण्य लाभ प्राप्त करने का आह्वान समस्त वार्डवासी से किया गया है।



# सलमान ने नहीं छोड़ी द बुल, फिर शुरू होगी शूटिंग

**मुंबई।** सलमान खान को लेकर कहा जा रहा है कि उन्होंने करण जौहर के साथ बनने वाली फिल्म द बुल से अपने कदम वापस खींच लिए हैं। गौरतलब है कि 1998 में रिलीज हुई करण जौहर की डायरेक्टोरियल डेब्यू फिल्म कुछ कुछ होता है में सलमान खान का एक्सटेंडेड कैमियो था। अब इस फिल्म के 25 साल बाद करण जौहर ने अपने प्रोडक्शन की फिल्म द बुल में सलमान खान की कास्टिंग की है। पिछले कई दिनों से फिल्मी गलियारों में चर्चा थी की डेट्स फाइनल न होने पर सलमान खान ने फिल्म छोड़ दी है, हालांकि अब प्रोडक्शन के सूत्रों की मानें तो ये खबर सरासर अफवाह है।

लाइफ Style

# उर्वशी ट्रोल होने पर दी सफाई

मेट्रोमोनियल ब्रांड के ऐड को लेकर कंट्रोवर्सी में आईं एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला ने सफाई पेश की है और कहा कि उन्होंने ऐड में जो कुछ भी बोला गया, वह स्क्रिप्ट का हिस्सा था। एक्ट्रेस हाल ही में एक मेट्रोमोनियल ब्रांड के ऐड में नजर आईं। वीडियो में, उर्वशी एक्टर्स, बिजनेसमैन, सिंगर्स और क्रिकेटर्स के बारे में बात करती हैं।

एजेंसी ⏭ मुंबई

उर्वशी कहती हैं, मैं तमाम लोगों से मिली, जिनमें बिजनेसमैन, एक्टर और कुछ क्रिकेटर्स भी हैं। कई तो ऐसे हैं जो मेरी हाइट के नहीं हैं। इस ऐड को फैंस ने क्रिकेटर ऋषभ पंत से जोड़ दिया और एक्ट्रेस को ट्रोल करना शुरू कर दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि उर्वशी ने वीडियो में बिना नाम लिए भारतीय क्रिकेटर ऋषभ पंत का मजाक उड़ाया है। अब एक्ट्रेस ने सभी ट्रोलर्स का मुंह बंद करने के लिए सफाई पेश की। उर्वशी ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा, यह ब्रांड द्वारा दी गई कॉमन स्क्रिप्ट है, न कि किसी की ओर इशारा, पॉजिटिविटी फैलाओ। जिम्मेदार होने के नाते, मैं समझती हूं कि ब्रांड के एंबेसडर के रूप में लोगों पर इसका क्या प्रभाव पड़ सकता है। वर्कफ्रंट के मुताबिक, उर्वशी इन दिनों यो यो हनी सिंह के साथ 'लव डोज 2.0' के सक्सेस को एंजॉय कर रही हैं और प्रोजेक्ट 'जहांगीर नेशनल यूनिवर्सिटी' (जेएनयू) के लिए तैयारी कर रही हैं, जहां वह एक कॉलेज राजनेता की भूमिका निभा रही हैं।

एक्ट्रेस के पास अक्षय कुमार की 'वेलकम 3', बॉबी देओल, दुलकर सलमान, नंदामुरी बालकृष्ण के साथ 'एनबीके109', सनी देओल और संजय दत्त के साथ 'बाप' (हॉलीवुड ब्लॉकबस्टर 'एक्सपेंडेबल्स का रीमेक) और रणदीप हुड्डा के साथ 'इंस्पेक्टर अविनाश 2' जैसे प्रोजेक्ट भी हैं।



हॉलीवुड मसाला



# अरबपतियों की लिस्ट में हुई शामिल

**लॉस एंजेलिस।** अमेरिकी पॉप स्टार टेलर स्विफ्ट ने 1.1 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ पहली बार फोर्ब्स वर्ल्ड की अरबपतियों की सूची में प्रवेश किया है। टेलर स्विफ्ट, केवल अपने गीतों और प्रदर्शन के आधार पर अरबपति का दर्जा हासिल करने वाली पहली संगीतकार हैं, जिनकी अनुमानित कुल संपत्ति $1.1 बिलियन है। टेलर की नेटवर्थ करीब 35 देशों की जीडीपी से भी ज्यादा है। अपने व्यापक गीत लेखन कैटलॉग के अलावा, टेलर स्विफ्ट ने इतिहास में पहला अरब डॉलर का दौरा भी आयोजित किया है।



# मेगन ने प्लास्टिक सर्जरी पर किया खुलासा

**लॉस एंजेलिस।** हॉलीवुड स्टार मेगन फॉक्स ने बताया कि उन्होंने कौन-कौन सी प्लास्टिक सर्जरी करवाई और कब। वह बोलीं, 'जब मैं 21 या 22 साल की थी तब मैंने अपने ब्रेस्ट की सर्जरी करवाई थी। मैंने बच्चों को ब्रेस्टफीडिंग करवाने के बाद इनकी दोबारा सर्जरी करवाई। इसके बाद अब हाल ही मैंने सर्जरी इसलिए करवाई क्योंकि मेरी बॉडी पर इतना फैट नहीं था कि इम्प्लांट को छुप सके। इसलिए मुझे बदलवाकर ऐसे इम्प्लांट लगवाने पड़े, जो सेट हो सकें।' उन्होंने बताया, मैंने कभी भी किसी भी तरह का फेस लिफ्ट नहीं करवाया। न कोई मिड लिफ्ट और ना ही लेटरल ब्रो लिफ्ट। हालांकि मैं एक रेगुलर आइब्रो लिफ्ट चाहूंगी या शायद नहीं भी। मैंने कभी थ्रेडिंग नहीं करवाई और मैंने उस पर काफी रिसर्च भी किया है। मुझे ऐसा लगता है कि इसका कोई फायदा नहीं है।



# सिटाडेल में अलग तरह का एक्शन : सामंथा

**मुंबई।** एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु ने आगामी सीरीज 'सिटाडेलः हनी बन्नी' और 'द फैमिली मैन' को लेकर कहा कि इनमें एक्शन बहुत अलग तरह का है। सामंथा ने 'द फैमिली मैन' में राजी के किरदार में जो एक्शन सीन किए, उसके लिए उन्हें काफी सराहना मिली है। अपने द्वारा किए गए स्टंट पर बात करते हुए एक्ट्रेस ने सीन की तैयारियों को लेकर खुलकर बात की। सामंथा ने कहा, मैंने 'द फैमिली मैन' में राजी के किरदार के लिए जो किया, वह एक्शन के मामले में बहुत अलग है। मैं 'सिटाडेल' में एक्शन को लेकर बहुत उत्साहित हूं। उन्होंने कहा, निश्चित रूप से यह कुछ ऐसा है जो मैं अपने किरदार राजी के लिए चाहती थी। सीरीज में कुछ मुख्य आकर्षण एक्शन बिट्स हैं और मैं वास्तव में उन्हें स्क्रीन पर देखने के लिए उत्सुक हूं।



# शाहिद ने किया देवा का नया पोस्टर शेयर

**मुंबई।** शाहिद कपूर फिल्म इंडस्ट्री के सबसे बहुमुखी और प्रतिभाशाली एक्टर में से एक हैं। चाहे वह उनका लुक हो, उनकी एक्टिंग स्किल्स और धमाकेदार डांस स्टेप्स इसे दर्शकों के लिए और अधिक लुभावना बनाते हैं। अब अपनी आगामी फिल्म देवा के बारे में शाहिद कपूर ने पोस्ट शेयर किया, एक्टर ने अपने इंस्टाग्राम पर फिल्म देवा से तस्वीरें शेयर कीं। जिसे देख कर फैंस अपना उत्साह नहीं रोक सके और कमेंट बॉक्स में उमड़ पड़े। एक यूजर ने लिखा, 'डेंजरस लग रहे हैं देवा'। एक अन्य यूजर ने लिखा, 'आग बोले तो देवा'। शाहिद हाल ही में 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' में नजर आए थे। यह फिल्म एक अजब प्रेम कहानी को दर्शाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के दायरे में उतरती है।

# प्रियंका की नई फिल्म टाइगर की रिलीज डेट आई सामने



मुंबई। ग्लोबल एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा आए दिन खबरों में बनी रहती हैं। इस बीच अब प्रियंका ने अपने नए प्रोजेक्ट की रिलीज डेट की घोषणा की, जिसका नाम 'टाइगर' है। इस फिल्म में उन्होंने मुख्य किरदार अंबा नाम की बाघिन को अपनी आवाज दी है। इस बीच एक्ट्रेस ने फिल्म की रिलीज डेट से पर्दा उठाया हैं। बता दें प्रियंका चोपड़ा ने फिल्म टाइगर का पोस्टर शेयर करते हुए इसकी रिलीज डेट का ऐलान किया हैं, जो कि भारत के जंगलों पर आधारित हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, अंबा है एक कालातीत विरासत वाला बाघ। वह अपने शावकों की इतने प्यार से देखभाल करती है कि मां और बच्चे के बीच का खूबसूरत रिश्ता इतने शानदार ढंग से चमकता है। इस खूबसूरत परिवार पर 8 साल तक इस फिल्म की शूटिंग की गई। प्रियंका ने कहा, इस अविश्वसनीय कहानी को अपनी आवाज देने और इस फिल्म के माध्यम से जंगलों की खोज करने में मुझे बहुत मजा आया।



# साइलेंस 2 का ट्रेलर आउट

**मुंबई।** एक्टर मनोज बाजपेयी इस समय अपनी बैक टू बैक फिल्मों को लेकर चर्चाओं में बने हुए हैं। एक्टर बहुत जल्द फिल्म 'भैया जी' और 'साइलेंस 2' में नजर आने वाले हैं। इस बीच अब मनोज बाजपेयी की फिल्म 'साइलेंस 2' का ट्रेलर मेकर्स द्वारा रिलीज कर दिया गया हैं। जिसमें एक्टर एसीपी अविनाश वर्मा की भूमिका फिर से निभाते हुए नजर आ रहे हैं। साइलेंस 2 के ट्रेलर की शुरुआत मनोज बाजपेयी की आवाज से होती है, जिसमें वह एक दोहा कह रहे हैं। इसके बाद फिर एक हत्या होती है और मामला जांच के लिए उनकी स्पेशल क्राइम यूनिट को सौंप दिया जाता है जांच के दौरान काफी शव मिलते हैं और हत्यारा फरार हो जाता है।

# हीरामंडी का गाना तिलस्मी बाहें रिलीज, सोनाक्षी ने दिखाई अदाएं

मुंबई। संजय लीला भंसाली की आगामी सीरीज 'हीरामंडी' का एक और गाना बुधवार को रिलीज हो गया है। इसमें सोनाक्षी सिन्हा दर्शकों पर जादू चलाती नजर आ रही हैं। सीरीज का पहला गाना 'सकल बन' काफी पसंद किया गया। आज दूसरा गाना 'तिलस्मी बाहें' भी सामने आ चुका है। 'तिलस्मी बाहें' गाने को संजय लीला भंसाली ने कंपोज किया है। इसमें सोनाक्षी सिन्हा अपने अभी तक के सबसे अनोखे अवतार में नजर आईं हैं। 'तिलस्मी बाहें' में 'फरीदन' के रोल में सोनाक्षी सिन्हा ने मुजरे को फिर से जिंदा कर दिया है। इस गाने में शिमरी गोल्डन रंग की साड़ी पहने हुए सोनाक्षी सिन्हा एक महफिल में बैठकर गाना शुरू करतीं हैं, जिसमें कई लोग उनके आसपास नजर आ रहे हैं। जहां लोग उनकी खूबसूरती पर फिदा नजर आ रहें हैं, वहीं फरीदन (सोनाक्षी सिन्हा) कभी टेबल पर डांस करतीं हैं, तो कभी किसी की बाहों में अपने डांस मूव्स करके लोगों को मदहोश करती दिखाई दीं। इस गाने को शर्मिष्ठा चटर्जी ने अपनी आवाज दी है।



## 1960 में बंगाली फिल्मों से दिग्गज एक्ट्रेस ने किया था डेब्यू

# शर्मिला ने किया फिल्मों में अपनी पहली फीस का खुलासा

एजेंसी ⏭ मुंबई

शर्मिला टैगोर सिनेमा की दुनिया में वो नाम हैं, जिनकी खूबसूरती और अदाकारी के चर्चे तब भी थे और आज भी उनकी शालीनता मन मोह लेती है। सैफ अली खान मां शर्मिला टैगोर तब महज 14 साल की थीं, जब उन्होंने फिल्मों में डेब्यू किया था। दो बार नेशनल अवॉर्ड जीत चुकी एक्ट्रेस को पहला मौका दिग्गज फिल्ममेकर सत्यजीत रे ने अपनी बंगाली फिल्म 'देवी' में दिया था। भारत सरकार से 2013 में पद्म भूषण सम्मान पा चुकी शर्मिला ने अपने एक नए इंटरव्यू में फिल्मों की फीस को लेकर मजेदार खुलासे किए हैं। उन्होंने अपनी पहली फीस भी बताई है और ये भी कि उसे उन्होंने कहां खर्च किया था।



### पहली फिल्म के लिए मिले थे 5 हजार साड़ी और घड़ी

शर्मिला कहती हैं, 'मैंने काफी कम उम्र में काम करना शुरू कर दिया था। हालांकि, तब फीस उतनी शानदार नहीं थी जितनी अभी है, लेकिन तब चीजों की कीमत भी इतनी अधिक नहीं थी। अपनी पहली फीस के बारे में बताते हुए शर्मिला ने कहा, मेरे पिता पैसों में कोई दिलचस्पी नहीं रखते थे, लेकिन सत्यजीत रे ने जोर दिया था। उन्होंने फिर भी तब मुझे एक साड़ी दी, एक घड़ी दी और 5 हजार रुपए दिए।

### पहली फीस से खरीदे थे गहने

अपनी पहली कमाई के खर्च का ब्योरा देते हुए शर्मिला टैगोर ने बताया, 'एक बंगाली परिवार से होने के नाते, पैसे मिलते ही हम सोने-चांदी की दुकान पर गए। हमने सोने की चूड़ियां खरीदीं, एक हार खरीदा और बालियां खरीदीं। हालांकि पैसे कम थे, लेकिन तब चीजें इतनी महंगी भी नहीं थीं। शर्मिला टैगोर ने आगे बताया कि उनकी शुरुआती बंगाली फिल्मों के दौरान उन्हें लगभग 10 हजार-15 हजार रुपए फीस के तौर पर मिलते थे। लेकिन उनकी पहली हिंदी फिल्म के लिए उन्हें 25 हजार रुपए फीस मिली थी। साल 1964 में उनकी पहली हिंदी फिल्म 'कश्मीर की कली' थी, जिसका निर्देशन शक्ति सामंत ने किया था।

### डायरेक्टर ने कहा- मैं आपको जमीन खरीदकर दे देता हूं

शर्मिला टैगोर याद करते हुए बताती हैं कि उन्हें शक्ति आनंद की दो फिल्मों के लिए 25-25 हजार रुपए मिलने थे, लेकिन डायरेक्टर ने उन्हें तब दूसरी फिल्म के लिए फीस के बदले एक जमीन खरीदकर देने की पेशकश की। दिग्गज एक्ट्रेस ने कहा, 'उन्होंने मुझसे कहा कि तुम्हें पैसे देने के बजाय क्यों ना मैं तुम्हें थोड़ी जमीन दे दूं, जो विले पार्ले है। मैंने कहा इस पर कहा कि क्या आप पागल हो? क्या मैं इस दलदल में आकर रहने वाली हूं? यह 1963 की बात है।

### 3 लाख में खरीदा पहला अपार्टमेंट

'वक्त' और 'अनुपमा' जैसी सुपरहिट फिल्में देने वाली शर्मिला बताती हैं कि उन दिनों उन्होंने मुंबई में अपार्टमेंट तक नहीं लिया था। वह कुछ साल तक ताज महल होटल में रहीं, क्योंकि वहां उन्हें साफ-सफाई यानी हाउसकीपिंग की चिंता नहीं थी। एक्ट्रेस ने बताया, 'कुछ वर्षों के बाद, जब मुंबई ही मेरा ठिकाना बन गया, तब अपना पहला अपार्टमेंट 3 लाख रुपए में खरीदा। तब इसके लिए पैसे जमा करने में खूब स्ट्रगल करना पड़ा था। रुपए की व्यवस्था करना बहुत कठिन काम था, क्योंकि उस समय हम बहुत ज्यादा टैक्स चुका रहे थे, इसलिए पैसे बचाने की कोई गुंजाइश नहीं थी।

## खबर संक्षेप

### खुले डिवाइडर दे रहे सड़क हादसों का निमंत्रण, निगम गंभीर नहीं

**कोरबा।** शहर के मुख्य मार्गों पर खुले डिवाइडरों पर सडक़ हादसे हो रहे हैं। इनमें कुछ ऐसे मोड़ हैं जहां हर दिन लोग हादसे का शिकार हो रहे हैं, इसके बाद भी खुले डिवाइडर बंद नहीं किए जा रहे हैं। टीपी नगर चौक से पावर हाउस रोड तक इसी जगह पर खुले डिवाइडर होने की वजह से अक्सर सडक़ हादसे हो रहे हैं। तेज रफ्तार से वाहन दोनों तरफ टकराकर गिर रहे हैं। साथ ही मोड़ पर वाहनों की जाम की स्थिति दिन निर्मित होती है। जिन जगहों पर सबसे अधिक सडक़ हादसे हो रहे हैं उनमें पावर हाउस रोड से टीपीनगर मुख्य मार्ग पर नया बस स्टैंड मोड़ पर बाइक सवार, ऑटो, मालवाहक वाहन और बसों की वजह से वाहन टकरा रहे हैं। सडक़ के दोनों ओर वाहन तेज रफ्तार से गुजरते हैं। इसी बीच खुले डिवाइडर से सडक़ पर अचानक दूसरे वाहन के आने से टकरा जाते हैं। बुधवारी से घंटाघर चौक पर चार जगहों पर डिवाइडर खुले हुए थे। इस सडक़ पर हादसे को देखते हुए निगम ने डिवाइडरों को बंद कर दिया। डिवाइडर बंद होने के बाद से इस मार्ग पर हादसों पर रोक लग गया। कुछ लोगों ने इसका विरोध किया था, लेकिन अब सडक़ हादसे नहीं होने का लाभ भी क्षेत्र के लोगों को मिल रहा है। लगभग 8 साल पहले डिवाइडरों को बंद करने की कवायद शुरु की गई थी। निहारिका क्षेत्र में कुछ व्यापारियों के विरोध की वजह से निगम ने इस फाइल को बंद कर दी थी। इतने साल से पुनः कभी भी डिवाइडरों को फिर से बंद करने की तैयारी तक शुरु नहीं की गई।

### खदान प्रवेश की जल्दबाजी में अनियंत्रित ट्रेलर नाले में गिरा

**कोरबा।** जिले के कुसमुंडा क्षेत्र में तमाम व्यवस्थाओं के बावजूद भारी वाहन चालकों की मनमानी कम नहीं हो रही। खदान प्रवेश से लेकर कांटा, लोडिंग, और फिर खदान से बाहर निकलने की जल्दबाजी ना सिर्फ आम लोगों बल्कि स्वयं के वाहन के साथ भी दुर्घटनाओ को अंजाम देने से नहीं चूक रहें हैं। ताजा घटनाक्रम कुसमुंडा थाना चौक का है, जहां बुधवार की तडक़े सुबह कुसमुंडा खदान प्रवेश करने की जल्दबाजी में एक खाली ट्रेलर थाना चौक पार कर पानी निकासी के लिए बनाए गए बड़े से नाले में गिरी। वहीं ट्रेलर का पिछला हिस्सा चालू बिजली के बड़े से पोल में जा टिका। पोल नही होता तो थाना परिसर की दीवार को तोड़ते हुए सीधे थाने में चली जाती। फिलहाल गनीमत ये रही कि इस आपाधापी में किसी को चोट नहीं लगी। ना ही बिजली पोल को नुकसान हुआ है, वरन चालू बिजली की पोल गिरती तो बड़ा हादसा हो सकता था। थाना चौक में आमजनों की आवाजाही निरंतर बनी रहती है। ऐसे में यहां गेवरा टीपर रोड की ओर से खदान प्रवेश करने एक दिशा में 4 से 5 ट्रेलरों की लाइन वहीं रेल्वे फाटक पार कर थाना चौक पर ही 3 से 4 ट्रेलरों की लाइन लगी रहती है। ऐसे में दुपहिया अथवा हल्के वाहनों में चलने वाले आम लोगों का यहां से पार होना मुश्किल हो जाता है, इसी स्थिति को देखते हुए कुसमुंडा प्रबंधन के रोड सेल विभाग द्वारा थाना चौक में भारी वाहनों को व्यवस्थित करने कंक्रीट के भारी स्लैब लगाने की व्यवस्था की गई है। जिसमें गेवरा टीपर मार्ग की ओर से कुसमुंडा खदान प्रवेश करने वाले ट्रेलर 1 या 2 की ही लाइन लगा सकेंगे, वहीं इमली छापर रेल्वे फाटक पार कर थाना चौक तक भी इन्ही कंक्रीट के स्लैब लगाए जा रहे हैं। जिससे खाली ट्रेलर वाहन एक ही लाइन में खदान प्रवेश करें।

### नंदिनी को इनोवेटिव टीचर अवार्ड से किया गया सम्मानित

**कोरबा।** भगवान आदिनाथ जन्म कल्याणक जन्म जयंती महोत्सव पर राष्ट्रीय शिक्षक सम्मेलन मंगलवार को मंडी प्रांगण, मंगल भवन भाटापारा में आयोजित किया गया। इसमें छत्तीसगढ़ के 75 शिक्षकों का चयन हुआ था। चयनित शिक्षकों में पाली ब्लाक के नानपुलाली प्रायमरी स्कूल की सहायक शिक्षक नंदिनी राजपूत भी शामिल थीं। शिक्षकों का चयन शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार के कारण हुआ था। इसमें नंदिनी राजपूत को इनोवेटिव टीचर अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि राजपूत ने कबाड़ से जुगाड़ अंतर्गत 100 से भी अधिक टीएलएम बनाई हैं और ब्लाक, जिला स्तर पर भी प्रथम स्थान प्राप्त कर चुकी हैं। साथ ही साथ राज्य स्तर पर भी टीएलएम प्रतियोगिता में जाने का अवसर प्राप्त हुआ है। बच्चों की पढ़ाई पर किसी प्रकार बोझ न पड़े, इसके लिए 2018 से टाई बेल्ट, स्टेशनरी सामान जैसे- स्लेट, रबड़, पेंसिल, पेन, कॉपी वितरित करती आ रही हैं। जब भी इनका या इनके बच्चे का जन्मदिन आता है तो बच्चों को स्टेशनरी सामान देकर अपना जन्म उत्सव मनाती हैं। गरीब असहाय लोगों को वस्त्र और नगद देकर मदद करती हैं।

## निधन

### परमेश्वर प्रसाद डिक्सेना



**हरदीबाजार।** परमेश्वर प्रसाद डिक्सेना 74 वर्ष का अकास्मिक निधन शनिवार को सीतामणी में हो गया। वे मुनगाडीह के गौंटिया व कोरबा के प्रतिष्ठित नागरिक थे। उनका अंतिम संस्कार उनके गृह ग्राम मुनगाडीह के मुक्ति धाम में संपन्न हुआ। अंतिम यात्रा में परिवार समाज व गांव से बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। वे अपने पीछे नाती-पोता से भरा परिवार रोता विलखता छोड़ गए हैं।

### जिम्मेदार विभाग नहीं कर रहा कार्रवाई

# वातावरण में कोल डस्ट घोल रही बिना तिरपाल ढंके दौड़ रही मालगाड़ियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

रेल प्रबंधन बिना तिरपाल ढंके रोजाना 40 से 45 रैक कोयला से लदी मालगाड़ियां शहर के बीच में दौड़ा रही है। इससे कोल डस्ट वातावरण में घुल रही है। पर्यावरण दूषित हो रहा है, लेकिन जिम्मेदार विभाग रेल प्रबंधन पर कार्रवाई नहीं कर रहा है।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर अंतर्गत कोरबा के गेवरा, दीपका, कुसमुंडा, जूनाडीह व मानिकपुर साइडिंग से कोयला परिवहन किया जा रहा है। मालगाड़ियां शहर से होकर गुजर रही हैं। इसके बाद भी रेल अफसर पर्यावरण प्रदूषण जैसी समस्या को लेकर गंभीर नहीं है। रेल प्रबंधन की ओर से कोयला लदान के लिए लोगों की सुविधाओं तक को दनकिनार किया जा रहा है। एक ओर जहां साइडिंग पर कोयला लदान के दौरान पानी का छिड़काव नहीं किया जा रहा है, वहीं दूसरी तरफ मालगाड़ी के वैगन में कोयला लदान के बाद तिरपाल से नहीं ढंका जा रहा है। कोयला से लदे वैगन को खुला कर मालगाड़ियों का परिचालन किया जा रहा है। इससे कोल डस्ट उड़कर वातावरण में घुल रही है। गाड़ी की रफ्तार अधिक होने से कई बार वैगन का कोयला पटरी पर गिर रहा है। फाटक के समीप वैगन से कोयला गिरने पर छिंटककर लोगों को लगने का खतरा है। इससे हादसे की आशंका बनी हुई है। बावजूद इसके रेलवे प्रबंधन तिरपाल ढंकने को लेकर गंभीर है और न ही पर्यावरण विभाग इसे लेकर कार्रवाई कर रहा है। शहर में स्थित फाटकों के रेल लाइन मरम्मत के बाद रेलवे प्रबंधन की ओर से सड़क के मरम्मत पर ध्यान नहीं दिया गया। उबड़-खाबड़ सड़क के कारण लोगों को आवाजाही में काफी असुविधा हो रही है। दोपहिया, चार पहिया, मालवाहक, ऑटो सहित अन्य वाहनों के पहिए फंस रहे हैं।



बिना तिरपाल के कोयला परिवहन करती मालगाड़ी।

#### हर 10 से 15 मिनट में बंद हो रहा फाटक

रेलवे प्रबंधन पर कोयला लदान का दबाव बढ़ गया है। ऐसे में कोयला लदान में तेजी लाने के लिए रैक की संख्या प्रबंधन बढ़ाने पर जोर दे रही है। रोजाना 40 से 45 रैक कोयला लदान कर गुजर रही है। इसके चलते शहर के सर्वमंगला चौक, पावर हाउस रोड, संजय नगर, इमलीडुग्गू सहित अन्य रेलवे फाटक हर 10 से 15 मिनट में बंद हो रही है। सिग्नल नहीं होने से कई बार फाटक पर मालगाड़ियां खड़ी की जा रही है। फाटकों के पास जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। इसे लेकर लोगों में नाराजगी बढ़ रही है।

## न्योता भोज में बांटा गया फल और मिष्ठान



हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

संकुल केंद्र रजकम्मा मदनपुर के अंतर्गत प्राथमिक शाला धनुहारपारा में प्रधानपाठक अनिल कंवर के जन्मदिन के अवसर पर न्योता भोजन का आयोजन किया गया। शासन की महत्वाकांक्षी योजना अंतर्गत विद्यार्थियों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने की कड़ी में यह आयोजन किया गया।

सर्वप्रथम पांचवी कक्षा के छात्रों को विदाई दी गई। तत्पश्चात प्रधानपाठक श्री कंवर का केक काटकर जन्मदिन मनाया गया। नन्हे मुन्ने बच्चों के द्वारा मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया गया। बालिकाओं के द्वारा सुरीले आवाज में बर्थडे गीत गाया गया। अंत में अनिल कंवर और पुष्पलता भार्गव ने संकुल केंद्र रजकम्मा और बड़ेबांका के स्टाफ, गांव के प्रतिष्ठित बृद्धजन का आत्मीय स्वागत करते हुए सभी विद्यार्थियों को लड्डू, केला, अंगूर, पूड़ी, सब्जी, दाल, भात, पापड़, अचार वितरित किया। कार्यक्रम में संकुल प्राचार्य के प्रतिनिधि पुष्पक साहू, विनोद जायसवाल, कुमुदिनी राम, कल्पना कुजुर, रजकम्मा संकुल समन्वयक जीवन सिंह मरकाम, बड़े बाका संकुल समन्वयक अनिल जगत, प्रधानपाठक प्रभा लकरा, प्रधान पाठक बड़ेबाका जगत, माध्यमिक शाला के स्टाफ सहित दोनों संकुल के सभी प्राथमिक विद्यालय के प्रधानपाठक और स्टाफ उपस्थित थे।

## खदानों में हादसों को रोकने अब कोल कर्मियों के परिजन भी निभाएंगे अपनी भूमिका

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोयला खदानों में होने वाले हादसों पर रोक लगाने एसईसीएल ने एक नई पहल की है। एसईसीएल प्रबंधन द्वारा अब कोल कर्मियों के परिजनों को भी सुरक्षा के गुर बताए जा रहे हैं। एसईसीएल गेवरा प्रबंधन ने खान सुरक्षा फैमिली काउंसलिंग के तहत परिजनों को सुरक्षा से संबंधित जानकारी दी गई है, जिससे परिजन यह तय कर सकें कि कोल कर्मी ड्यूटी के लिए घर छोड़ने से पहले अपने पीपीई को अपने कार्य स्थल पर लेकर जाएं।

**खास बात**

- एसईसीएल गेवरा क्षेत्र में फैमिली काउंसिलिंग के तहत सुरक्षा की दी गई जानकारी

गेवरा परियोजना में खान सुरक्षा संबंधित फैमिली काउंसलिंग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत गेवरा खदान में कार्यरत कर्मचारियों के परिवार के सदस्यों को खदानों की विभिन्न उत्पादन सम्बंधित गतिविधियों से भली भांति अवगत कराया और खदानों के संभावित खतरों के बारे में बताया गया। साथ ही साइलो द्वारा रेक लोडिंग डंपर, डोजर, शोवेल , ड्रिल और ग्रेडर के संचालन के बारे में व्यू प्वाइंट से जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में प्रतिभागियों को व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण तथा फैमिली काउंसलिंग के महत्व के बारे में समझाया गया और इस बात पर जोर दिया गया कि परिवार के सदस्यों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि कर्मचारी ड्यूटी के लिए घर छोड़ने से पहले अपने पीपीई को कार्यस्थल पर ले जाएं। इस फैमिली काउंसलिंग में एसईसीएल और गेवरा परियोजना के बारे में बुनियादी जागरूकता पर उपस्थित परिवार के सदस्यों के लिए एक त्वरित क्विज सत्र आयोजित किया गया था जिसमें सभी ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। खदानों की सुरक्षा को लेकर अधिकारीयों के परिजनों से सुझाव मांगे गये के द्वारा दी गयी। कार्यक्रम का समापन परिवार के सदस्यों के फीडबैक सत्र के साथ हुआ। कार्यक्रम में एस के मोहंती, क्षेत्रीय महाप्रबंधक, गेवरा क्षेत्र, अशोक कुमार, महाप्रबंधक, गेवरा परियोजना, अजय बेहेरा, क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक एवं सुनील प्रसाद खान प्रबंधक, गेवरा परियोजना के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।



हादसों के बारे में परिजनों को जानकारी देते सेफ्टी एक्सपर्ट।

## डीएव्ही कोरबा में कक्षा एलकेजी में प्रवेश के लिए ड्रा लॉटरी का किया गया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

डीएव्ही पब्लिक स्कूल एसईसीएल कोरबा के प्रांगण में गुरूवार को कक्षा एलकेजी नॉन एसईसीएल वार्ड के लिए लक्की-ड्रा लॉटरी का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीके पांडेय, वित्त प्रबंधक एसईसीएल कुसमुंडा एरिया कोरबा तथा श्रीमती अंकिता राठौर, कार्मिक प्रबंधक एसईसीएल उपस्थित रहे। सर्वप्रथम आगंतुक मुख्य अतिथियों का स्वागत विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती अनामिका भारती द्वारा पुष्पगुच्छ देकर किया गया। तत्पश्चात विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती अनामिका भारती ने डी ए व्ही स्कूल के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए वर्तमान सत्र 2024-25 में कक्षा एलकेजी में रिक्त सीटों के बारे में संक्षेप में ब्योरा प्रस्तुत किया गया। उन्होंने बताया कि प्रवेश हेतु 70 आवेदन फॉर्म आए थे। जिसमें से 8 आवेदन फॉर्म अपात्र घोषित हो गए थे। 62 पात्र आवेदन फॉर्म में से नए सत्र में प्रवेश के लिए लक्की-ड्रा लॉटरी का आयोजन उपस्थित मुख्य अतिथियों, विद्यालय की प्राचार्या, उपस्थित अभिभावकों तथा प्रवेश समिति के सदस्यों की मौजूदगी में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम के सफलतापूर्वक आयोजन में प्रवेश समिति के सदस्यों में शिक्षिकाद्वय श्रीमती नीलोफर शहजादी, श्रीमती सुषमा ठाकुर, श्रीमती पिंकी कौर और कंप्यूटर शिक्षक ओंकार राठौर का विशेष योगदान रहा। इस कार्यक्रम का सफलतापूर्वक संचालन विद्यालय की शिक्षिका श्रीमती नीलोफर शहजादी ने किया।




लॉटरी निकालते स्कूल प्रबंधन।

## बस स्टैंड का बोर सूखने से सूखी पड़ी टंकी, लोग हो रहे हलाकान

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

विकासखण्ड पाली अंतर्गत ग्राम पंचायत हरदीबाजार के बस स्टैंड में बस यात्रियों व बस स्टैंड निवासियों के लिए पानी सुविधा के लिऐ सिंटेक्स टंकी लगया गया है, जो कुछ वर्षों तक चला, लेकिन 6 माह से इस टंकी से एक बूंद पानी भी यात्रीयों के लिए नसीब नहीं हो रहा है। वहीं बस चालकों को और न ही स्थानीय लोगों को इसका लाभ मिल पा रहा है। बस स्टैंड हरदीबाजार से चारों दिशाओं हरदीबाजार से कोरबा, बलौदा, दीपका, पाली, बिलासपुर, कटघोरा, सीपत से आने-जाने यात्री बसों व यात्रा करने यात्रियों को हरदीबाजार बस स्टैंड में आस पास संचालित होटल, दुकानों से पानी लेना पड़ता है। ऐसे में ग्राम पंचायत हरदीबाजार को चाहिए कि वे जल्द से जल्द सार्वजनिक स्थल बस स्टैंड में पानी की व्यवस्था करें। पंचायत सचिव बिसाहू राज ने बताया कि कोयला खदान का नजदीक पहुंचने से बस स्टैंड का बोर का पानी सुख गया है। बस स्टैंड में पानी की व्यवस्था के लिए अन्य कोई स्थाई व्यवस्था जल्दी ही की जायेगी।



### कोरबी में सैकड़ों कांग्रेसियों ने थामा भाजपा का दामन

हरदीबाजार मंडल के कोरबी, भलपहरी, बोकरामुड़ा, मुड़ापार दौरे पर रही क्षेत्र के सैकड़ों कांग्रेस कार्यकताओं ने भाजपा प्रवेश किया। सरोज पाण्डेय ने नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए सरकार की योजनाओं को जनता के सामने रखा। सरोज पाण्डेय ने कोरबी के गायत्री माता मंदिर में पहुंचकर पूजा अर्चना की। इस दौरान खम्हरिया में कमलेश कुर्रे के साथ सैकड़ों कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने भाजपा में विधिवत प्रवेश किया। इस अवसर पर कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल, जिलाध्यक्ष डां.राजीव सिंह,ज्योतिनंद दुबे, चुलेश्वर राठौर, नरेश टंडन, हरीश थदवानी, डां.विजय राठौर, जगदीश अग्रवाल, पंकज धुरवा, मन्नु सांई राठौर, विनोद कंवर, यघवेंद्र सोनी, लखनलाल राठौर, शिव मरकाम, टीकाराम साहू, निखिल राठौर एवं बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व ग्रामीण उपस्थित थे।



## विद्युत विभाग की बड़ी लापरवाही हो सकती है कभी भी दुर्घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

वार्ड नं 47 बांकी मोहल्ला रोड स्थित सेमीपाली हाउसिंग बोर्ड में इस कदर लापरवाही देखने को मिल रही है कि अभी कुछ दिन पूर्व सड़क के बीचों बीच लगे विद्युत के खम्भे टेढ़े हो गए थे चूंकि लाइन चालू होने की वजह से दुर्घटना कभी भी घट सकती थी जिसको देखते हुए काफी बार विद्युत विभाग को बोलने के पश्चात विभाग के द्वारा नए खम्भे लगाकर उस पर पुराने खम्भे से वायरिंग को निकालकर नए विद्युत पोल में सीफ्ट तो कर दिया गया लेकिन टेढ़े हुए खम्भे को आज तक ना ही निकाला गया और ना ही सीधा किया गया है। खम्भा कभी भी आने जाने वालों राहगीरों के ऊपर कभी भी गिर सकता है। शायद विभाग किसी बड़े दुर्घटना का इंतजार कर रहा है।



## पृष्ठ 1 का शेष

### गेवरा खदान...

कर दिया है। पकड़े गए आरोपियों में जेम्को कंपनी के कर्मचारी कौशल कुमार 26 वर्ष पिता प्रेमलाल चालक, दुर्गेश कुमार 19 वर्ष पिता छोटे लाल लेबर, भूपेन्द्र कश्यप 24 वर्ष पिता व्यासनारायण, प्यारे सिंह 38 वर्ष पिता कमल सिंह, प्रदीप भगत 36 वर्ष पिता हरीराम टेकनिशियन, संतोष कुमार 29 वर्ष पिता राम कुमार शामिल हैं। सभी आरोपियों के विरुद्ध धारा 379, 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। ज्ञात हो कि इस वर्ष जिला पुलिस के द्वारा 13 प्रकरण में कुल 4260 लीटर डीज़ल क़ीमती 7 लाख रुपए जप्त किया गया है।

## कोरबा लोकसभा ने पांच साल झेला निष्क्रिय सांसद का दंशः लखन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्रदेश में जितने बड़े घोटाले हुए है, उसकी शुरुआत कोरबा जिले से हुई, डीएमएफ में भ्रष्टाचार , कोयले में कामीसनखोरी का बड़ा घोटाला कोरबा में हुआ। जब घोटाला हो रहा था तब यहाँ की सांसद चुप्प क्यों थीं, चुप्प इसलिए थी क्योंकि उसमें हिस्सा उनतक पहुंच रहा था। मंत्री श्री देवांगन ने कहा की पांच साल से समूचे कोरबा लोकसभा ने निष्क्रिय सांसद का दंश झेला है। माफिया राज चल रहा था और यहां की सांसद से कुछ बोला नहीं जा रहा था। उक्त बातें वाणिज्य, उद्योग और श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने कोरबा लोकसभा के मनेंद्रगढ़ विधानसभा क्षेत्र के खडगांव में आयोजित कार्यकर्त्ता सम्मेलन के दौरान कही। इस दौरान वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि अच्छे लोग राजनीति में नहीं आ पाते इसलिए खराब लोग शासन करते हैं। पिछले पांच साल में ऐसे लोगों की वजह से ही पूरी जनता प्रताड़ित रहे। इसलिए जरूरी है की राष्ट्रीय नेतृत्व सरोज दीदी को जिताएं। भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी सुश्री सरोज पांडेय ने कहा कि आप ने कभी 5 साल में सांसद ज्योत्सना महंत को देखा था, कभी काम करते देखा।

## कांग्रेसी सचेत रहें, बड़े-बड़े धोखेबाज घूम रहेः महंत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

हम अपने लोगों को संगठित करने के लिए उनके बीच जा रहे हैं। चुनाव में उन्हें सचेत कर रहे हैं कि बड़े-बड़े धोखेबाज घूम रहे हैं जिनसे सचेत रहें। विधानसभा क्षेत्र में काफी पुराने और खानदानी कांग्रेसी हैं जिनसे मुलाकात कर चुनाव में सजग रहने कहा जा रहा है और उनके मार्गदर्शन में कांग्रेस प्रत्याशी की जीत तय है। उक्त बातें नेता प्रतिपक्ष डॉ.चरणदास महंत ने रामपुर विधानसभा में आयोजित ब्लॉक स्तरीय कांग्रेस कमेटी कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा। डा.महंत ने कहा कि बीजेपी वाले बहुत सपना देखने वाले लोग हैं, वे तत्काल यहां से गाड़ी चलाने वाले थे लेकिन गाड़ी तो चल नहीं रही बल्कि 200 से ज्यादा नहीं चल रही। घर-घर महिलाओं को एक-एक हजार रुपए देने का वादा किया, पर तीन माह हो गये यह कहीं दिख नहीं रहा। महंगाई रोकने के लिए कोई काम नहीं हुआ, अभी पेट्रोल के दाम कुछ कम किए हैं। यह सब एक महीने का चुनावी दिखावा है। डॉ. महंत ने कहा कि यह क्षेत्र कांग्रेस का है, यहां के लोग सीधे-सादे सरल, लोगों को पसंद करते हैं इसलिए प्रत्याशी ज्योत्सना महंत को यहां से जीत मिलेगी। डॉ. महंत ने कहा कि वे हम लोगों को क्यों तोड़ रहे हैं, क्या जरूरत पड़ गई कि हर कांग्रेसी के घर जाकर उनके पांव छूने पड़ रहे।



### भाजपा का डॉ. महंत के खिलाफ विरोध प्रदर्शन

**कोरबा।** कांग्रेस नेता व नेता प्रतिपक्ष डॉ.चरणदास महंत द्वारा देश के प्रधानमंत्री के लिए अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए डंडे से सर फोड़ने की बात करने व जनता को उकसाने के विरोध में भाजपा कोसाबाडी मंडल के द्वारा सुभाष चौक पर नेता प्रतिपक्ष डॉ.चरणदास महंत के पुतले बनाकर विरोध प्रदर्शन किया गया। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में नेता प्रतिपक्ष द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ अभद्र भाष के प्रयोग के बाद राजनीति गरमा गई है। भाजपा इसे लेकर एक्शन मोड में नजर आ रहा है।

### 24 वर्षो से फरार स्थायी वारंटी पकड़ा गया

अंबिकापुर। सरगुजा पुलिस ने वांरट तामीली को लेकर चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने 24 वर्षों से फरार स्थायी वारंटी के साथ ही 5 व 2 वर्ष से फरार स्थायी वारंटियों को पकड़ा है। आरोपियों की जिला कोरिया स्थित मनेन्द्रगढ़, चिरमिरी और चरचा से तामिली की गई है। बता दें कि सरगुजा पुलिस द्वारा वारंटियों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है और विगत माह में कुल 88 स्थायी वारण्ट एवं 361 गिरफ्तारी वारण्ट की तामिली हुई है। इस बीच पुलिस ने 24 वर्षों से फरार आरोपी को पकड़कर वारंट की तामीली कराई है। पुलिस के अनुसार चिरमिरी बड़ी बाजार निवासी दलजीत सिंह को जिला कोरिया न्यायालय से धारा 279, 338 के तहत स्थायी वारंट जारी किया गया था।

## कोरबा मार्केट



## खबर संक्षेप

### स्वामी आत्मानंद स्कूलों में आवेदन की प्रक्रिया 10 से शुरू

**कोरबा।** स्वामी आत्मानंद के हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में अपने बच्चों का प्रवेश कराने वाले अभिभावकों का इंतजार खत्म हो गया है। प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 10 अप्रैल से शुरू होगी। इसके लिए लोक शिक्षण संचालनालय ने तिथि की घोषणा कर दी है। प्रक्रिया पूरी कराने को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी को आदेश जारी किया है।इन विद्यालयों में प्रवेश के लिए अभिभावक बच्चों का फॉर्म ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यम की सुविधा दी गई है। इससे अभिभावकों को राहत मिलेगी। बताया जा रहा है कि स्वामी आत्मानंद के 55 विद्यालय संचालित है। इसमें तीन अंग्रेजी माध्यम और 52 स्कूल हिन्दी माध्यम स्कूल शामिल हैं। प्रत्येक स्कूल के कक्षा पहली में 50 सीट निर्धारित है। इस अनुसार से जिले में कक्षा में अंग्रेजी माध्यम में स्कूल के 150 और हिन्दी माध्यम के 2600 सीटों पर प्रवेश की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। वहीं कक्षा दूसरी से लेकर 12 वीं तक रिक्त सीटों में भी प्रवेश ली जाएगी। इसके लिए स्कूल प्रबंधनों से जानकारी मंगाई गई है। बताया जा रहा है कि प्रवेश के लिए बच्चों की आयु 31 मई 2024 तक की स्थिति में 5 वर्ष 6 माह से 6 वर्ष 4 माह के मध्य की होनी चाहिए।स्वामी आत्मानंद के अंग्रेजी एवं हिन्दी माध्यम स्कूलों में ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 10 अप्रैल से शुरू होगी।

### सडक़ किनारे बढ़ा कब्जा, पार्किंग स्थलों पर लग रही दुकानें

**कोरबा।** जिले में कहीं भी फुटपाथ और पार्किंग की जगह अब खाली नहीं बची है। पिछले कुछ साल से शहर में अस्थाई ठेलों की संख्या लगातार बढ़ रही है। अब तो कई दुकानों के सामने भी ठेले लगाए जा रहे हैं। इसके लिए स्थाई दुकानदार भाड़ा वसूल करने में लगे हैं। बीते कुछ महीनों से शहर में फल, सब्जी, नारियल पानी, मोबाइल एसेसरिज, चाय नास्ते, घरेलू साज सज्जा, आइसक्रिम, नॉनवेज, जूस, कपड़े समेत कई तरह के ठेलों की संख्या में कई गुना इजाफा हो गया है। पहले जिन सडक़ों में तीन से चार ठेले दिखते थे अब वहां 15 से 20 ठेले लगने लगे हैं। ये ठेले शहर के तमाम बड़े काम्पलेक्स, शो रूम, गार्डन, पार्किंग के लिए छोड़ी गई जगह, सडक़ किनारे चलने के लिए बनाई गई पार्किंग में लग रहे हैं। इनकी वजह से आज की स्थिति में सडक़ किनारे पार्किंग व फुटपाथ के लिए जगह नहीं बची है। बड़े काम्पलेक्स और व्यापारिक प्रतिष्ठानों के सामने लगने वाले ठेलों की वजह से व्यापारियों को पार्किंग के लिए परेशान होना पड़ रहा है। ग्राहक बड़े दुकानों में जाने के बजाए छोटे दुकान से ही सामान लेने में सहूलियित होती है। निगम करोड़ों खर्च करके सडक़ किनारे फुटपाथ और पार्किंग का निर्माण किया जा रहा है।निर्माण होते ही उसपर कब्जा जमाने की होड़ मच जाती है।

### 707 भू-स्वामियों को मिला रोजगार

**कोरबा।** एसईसीएल ने भूमि अधिग्रहण के प्रकरणों में इस वर्ष कुल 707 भूविस्थापितों को रोजगार स्वीकृत किए जो कि पिछले एक दशक में सर्वाधिक है। एसईसीएल ने गत वित्तीय वर्ष में सीएसआर के अंतर्गत विभिन्न सामाजिक कार्यों पर सीएसआर व्यय के लक्ष्य को हासिल किया। डीपीई दिशानिर्देशों के अनुसार स्वास्थ्य एवं पोषण आहार पर 60 फीसदी खर्च के लक्ष्य के मुकाबले एसईसीएल द्वारा सीएसआर व्यय का 70फीसदी इस क्षेत्र में खर्च किया गया। एसईसीएल द्वारा सीएसआर अंतर्गत "एसईसीएल के सुश्रुत" योजना की शुरुआत की गई जिसके तहत छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश में स्थित कंपनी के संचालन क्षेत्रों के 30 बच्चों का चयन कर उनको निशुल्क आवासीय नीट-मेडिकल कोचिंग दी जा रही है। वर्ष 23-24 में एसईसीएल द्वारा अपने संचालन क्षेत्रों में स्थित अस्पतालों में अमृत फार्मेसी खोलने के लिए समझौता किया गया। अमृत फार्मेसी के खुलने एसईसीएल कर्मियों के साथ-साथ आमजनों को भी किफ़ायती दरों पर सामान्य बीमारियों से लेकर कैंसर एवं हृदय आदि से संबन्धित गंभीर रोगों की दवा आसानी से उपलब्ध हो सकेगी।

## सीएमएचओ ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर का किया औचक निरीक्षण

# सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी चुईया को कारण बताओ नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देशन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस. एन. केशरी द्वारा विभागीय गतिविधियों के सतत मॉनिटरिंग के लिए कोरबा ब्लाक के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अजगरबहार के अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य मंदिर चुईया का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने आयुष्मान आरोग्य मंदिर चुईया मे संधारित आर.सी.एच. रजिस्टर, टीकाकरण रजिस्टर एच.आर.पी. रजिस्टर, ओ.पी.डी. रजिस्टर, एन.सी.डी. रजिस्टर, रेफरल पंजी सहित अन्य अभिलेखों सहित परिसर का अवलोकन किया तथा अपूर्ण जानकारियों को अद्यतन करने के निर्देश दिए।

आयुष्मान आरोग्य मंदिर चुईया में पदस्थ सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी कुमारी यामिनी जायसवाल के कार्यों में लापरवाही तथा कार्यों में तत्काल सुधार करने के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया। उन्होंने सेक्टर प्रभारी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अजगरबहार को निर्देश जारी



निरीक्षण के दौरान चर्चा करते सीएमएचओ श्री केशरी।

किया कि अधीनस्थ स्वास्थ्य संस्थाओं में आयोजित होने वाले टीकाकरण सत्रों से पूर्व हितग्राहियों को एक दिन पूर्व सूचना अवश्य देना है, जिससे सत्र प्रभावित ना हो, उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जानकारी पंजी में अद्यतन करावे तथा उनकी एल. एम. पी. तथा ई.डी.डी. की जानकारी स्वास्थ्य केन्द्रों में प्रदर्शित कराएं। समस्त पंजी जैसे ओ.पी.डी.पंजी, एन.सी.डी.पंजी, आर.सी. एच. पंजी समस्त जानकारी अद्यतन कराएं। समस्त टीकाकरण सत्रों पर ही ए.वी.डी.एस. के द्वारा वैक्सीन उपलब्ध कराया जाए। सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में मरीजों के ऊँचाई मापने हेतु वैकल्पिक व्यवस्था कराना है। एन.सी.डी. स्क्रीनिंग में लक्ष्यानुरूप उपलब्धि प्राप्त किया जाए। समस्त हाई रिस्क गर्भवती माताओं की सोनोग्राफी अनिवार्य रूप से कराया जाए। यू.सी.एच. सी. कोरबा तथा मेडिकल कॉलेज कोरबा में सोनोग्राफी होने के दिनांक की जानकारी प्रदर्शित कराएं। उन्होंने निर्देशित किया कि सेक्टर प्रभारी स्वास्थ्य केन्द्रों का सतत निरीक्षण करें तथा मॉनिटरिंग कर समस्त अभिलेखों को अद्यतन कराएं एवं समस्त पंजी का भौतिक सत्यापन करें। समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि अपने पदीय दायित्वों का निर्वहन अच्छी तरह से करें। सभी निर्धारित मुख्यालय में रहकर समय पर उपस्थित होकर कार्य करें। बिना अनुमति अवकाश पर ना जाए ना ही मुख्यालय छोड़े। इसी प्रकार सीएमएचओ डॉ. केशरी द्वारा आयुष्मान आरोग्य मंदिर गढ़उपरोड़ा में एन.क्यू.ए.एस की तैयारियों का जायजा लिया गया तथा आवश्यक निर्देश दिए गए। इस अवसर पर जिला परिवार कल्याण अधिकारी डॉ. सी. के. सिंह सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# चोरी के दो अलग अलग मामले में, पांच आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

हरदीबाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत नेवसा सड़कपारा निवासी राम कुमार यादव उम्र 36 वर्ष पिता छतेराम यादव ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि घर के पीछे बाड़ी में रखे लोहे का छड़ 10 एमएम वाला दो

**खास बात**

- हरदीबाजार थाना क्षेत्र का मामला

बंडल एवं 8 एमएम एक बंडल एवं एक लोहे का सब्बल को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लिया है। जिस पर पुलिस ने मामले में अपराध दर्ज कर उसकी खोजबीन शुरु की थी। इसी प्रकार 3 अप्रेल को ग्राम नेवसा रोडपारा निवासी प्रताप सिंह उईके उम्र 31 वर्ष पिता भारत सिंह उईके ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 2-3 अप्रेल की मध्य रात्रि घर के परछी में रखे लोहे का सरिया (छड़) 10 एमएम वाला दो बंडल एवं लोहे का हथौड़ा को अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ले गया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध धारा 457, 380 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले की विवेचना कर रही थी। हरदीबाजार थाना प्रभारी को मुखबीर से सूचना मिली कि उपरोक्त प्रकरण के आरोपीगण ग्राम रेलडबरी नेवसा में हैं। इस सूचना पर पुलिस टीम दल बल सहित ग्राम ग्राम रेलडबरी नेवसा पहुंची और मुखबीर द्वारा बताये गये स्थान के पास घेराबंदी कर 5 आरोपियों को पकड़ा गया। जिनसे पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम राजेन्द्र रोहिदास पिता गोवर्धन रोहितदास, महावीर खाण्डे पिता रामलाल खाण्डे, उमेन्द्र सिंह रोहिदास पिता सुखसाय रोहिदास, पंचूराम रोहिदास पिता संतूराम, हीरा रोहिदास पिता अमरसाय को हिरासत में लेकर पूछताछ किया जिस पर 2-3 अप्रैल की दरम्यानी रात ग्राम नेवसा निवासी राम कुमार यादव तथा प्रताप सिंह उईके के घर में रखे लोहे का छड़ (सरिया) व लोहे का हथौड़ा को चोरी करना स्वीकार किये। आरोपियों के कब्जे से लोहे का छड़ सरिया 5 बंडल एवं लोहे का हथौड़ा को बरामद किया गया है एवं घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल हीरो डिलक्स क्रमांक सीजी 12 एवाई 0491 को जप्त किया गया है। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायायिक रिमाण्ड पर जेल भेज दिया है।

# मध्यप्रदेश के 3 स्थाई वारंटियों की कराई गई तामिली

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



वारंटी

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर बेसिक पुलिसिंग के तहत जिले में शांति व्यवस्था एवं अपराध नियंत्रण के लिए फरार वारंटियों के विरुद्ध विशेष अभियान के निर्देश दिया गया है। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यूबीएस चौहान एवं नेहा वर्मा के पर्यवेक्षण में जिले के सभी राजपत्रित अधिकारी थाना प्रभारी के द्वारा कार्यवाही किया गया है। थाना उरगा, पाली और चौकी चैतमा के द्वारा मध्यप्रदेश के फ़रार 3 स्थाई वारंटियों को गिरफ़्तार कर थाना चचाई, जैतपुर एवं जैतहरी पुलिस के सुपुर्द किया गया। ज्ञात हो कि जिला पुलिस के द्वारा फ़रार वारंटी के ख़िलाफ़ अभियान चलाया जा रहा है जिसमें अब तक कुल 316 वारंट की तामिली की गई है।

### बुजुर्ग से मारपीट करने वाला युवक गिरफ्तार



**कोरबा।** दीपका थाना क्षेत्र अंतर्गत सिरकीखुर्द निवासी बुजुर्ग बाबु लाल यादव उम्र 75 वर्ष पिता स्व राम दुलारी यादव ने थाने में उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 3 अप्रैल की रात प्रियम जायसवाल का ड्रायवर सर्विस रोड को छोड़कर पब्लिक रोड में खड़ा करने पर बाबूलाल द्वारा मना करने पर ड्रायवर द्वारा अपने वाहन स्वामी प्रियम जायसवाल को बताने से उसके द्वारा घटनास्थल मे आकर बाबूलाल के साथ गाली गलौच करते हुए हाथ मुक्का से मारपीट किया गया। बाबूलाल की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी प्रियम जायसवाल उम्र 25 वर्ष पिता घनश्याम प्रसाद जायसवाल के विरुद्ध धारा 294,506, 323 एवं धारा 151, 107/116(3) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार कर माननीय कार्यपालिक मजिस्ट्रेट न्यायालय में पेश किया गया।

### 20 हजार रुपए के गांजा के समेत तीन युवक गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** नशे के खिलाफ चलाए गए अभियान के तहत मैनपाट कमलेश्वरपुर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 1.750 किलो ग्राम गांजा बरामद किया है जिसकी कीमत लगभग 20 हजार रुपए आंकी गई है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है। बताया जा रहा है कि पुलिस को मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी कि अंबिकापुर के मठपारा निवासी अंकुश दास, दीपक दास व विकास मुंडा द्वारा कापू की ओर से गांजा खरीदकर स्कूटी से मैनपाट के रास्ते अंबिकापुर जा रहे है। सूचना के आधार पर पुलिस द्वारा मैनपाट कापू रोड के मुख्य चेकपोस्ट पर घेराबंदी की गई और स्कूटी सवारों को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान स्कूटी की डिक्की से 1 किलो 750 ग्राम गांजा बरामद किया गया। गांजा तस्करों की पहचान अंबिकापुर मठपारा निवासी 24 वर्षीय अंकुश दास, 29 वर्षीय दीपक दास व 21 वर्षीय विकास मुंडा के रूप में की गई। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया।

# निगम द्वारा नियमित की जा रही जल शुद्धता की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगर निगम द्वारा आपूर्ति किए जाने वाले पेयजल की शुद्धता की जांच विभिन्न प्वांइटों पर नियमित रूप से

**खास बात**

- ग्रीष्म ऋतु को दखते हुए पेयजल आपूर्ति व्यवस्ता पर विशेष फोकस रखने के आयुक्त ने दिए निर्देश

की जा रही है, ताकि लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो सके। वहीं आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई ने ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए पेयजल की पर्याप्त आपूर्ति व पेयजल की शुद्धता पर विशेष फोकस रखने के निर्देश पेयजल विभाग के अधिकारियों को दिए है। नगर निगम द्वारा निगम क्षेत्र के वार्डो में जलउपचार संयंत्र के माध्यम से आपूर्ति किए जाने वाले शोधित पेयजल की शुद्धता की जांच विभिन्न प्वांइटों एवं अंतिम छोर तक की जा



शुद्धता की जांच करता निगम कर्मी।

रही है, पेयजल शुद्धीकरण कार्य हेतु आवश्यक रा सा य नि क सामग्रियों का उपयोग कर पेयजल की शुद्धता सुनिश्चित कराई जा रही है, वहीं जल उपचार संयंत्र में उपलब्ध जल परीक्षण उपकरणों से नियमित रूप से रा-वाटर एवं क्लीयर वाटर के पीएच मानक एवं रेसिड्यूअल क्लोरिन टर्बिडिटी का परीक्षण तीन सिफ्टों में किया जाता है, साथ ही सप्लाई किए गए पेयजल की अंतिम छोर से जल नमूने प्राप्त कर क्लोरिन की मात्रा निर्धारित मानक के अनुरूप निर्धारित करते हुए जलापूर्ति सुनिश्चित कराई जा रही है। आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई ने ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को सुव्यवस्थित रखने तथा पेयजल की गुणवत्ता पर विशेष फोकस रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होने निर्देशित करते हुए कहा है कि जिन क्षेत्रों में पावर पम्पों व भूमिगत स्त्रोतों के माध्यम से जलापूर्ति की जाती है, उनका अनिवार्य रूप से नियमित परीक्षण करने, पेयजल की शुद्धता सुनिश्चित कराने तथा सभी जल स्त्रोतो का शुद्धीकरण व वहाँ की साफ-सफाई पर विशेष फोकस रखने के निर्देश अधिकारियों को दिए है। जलापूर्ति व्यवस्था में सहयोग दें, नलों में न लगाएं टुल्लू पम्प आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई ने आमजन से अपील करते हुए कहा है कि वे पाईप लाईनों, नल कनेक्शनों में टुल्लू पम्प लगाकर पानी न खींचे इससे अन्य लोगों के घरों में पानी का प्रेशर कम हो जाता है, उन्हें कम पानी मिलता है तथा अनावश्यक परेशानी होती है, अतः टुल्लू पम्प न लगाकर निगम की जलापूर्ति व्यवस्था में सहयोग दें ताकि सभी लोगों को समान रूप से पेयजल प्राप्त हो सके।

# नोटिस तक ही सीमित रहती है ग्राम पंचायतों की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जनपद पंचायत के अंतर्गत चलने वाले निर्माण कार्यों एवं अन्य योजनाओं में होने वाली वित्तीय गड़बड़ी जांच की जिम्मेदारी जनपद में पदस्थ करारोपण अधिकारियों के

**खास बातें**

- मामला जनपद पंचायत कोरबा का
- करारोपण अधिकारी के जिम्मे है वित्तीय अनियमिताओं की जांच

भरोसे रहती है। जिनके द्वारा संबंधित पंचायत के सचिव और सरपंच को नोटिस जारी कर जांच सीमित कर देते हैं।

ऐसा ही मामला जनपद पंचायत कोरबा में सामने आया है। जहां ग्राम पंचायतों में 20 लाख तक के निर्माण कार्यों में वित्तीय गड़बड़ियों की शिकायत जिला पंचायत तक पहुंची थी, जहां से जांच निर्देश जनपद पंचायत को दिए जाने पर करा रोपण अधिकारी के पद पर पदस्थ रामप्रकाश पैकरा के द्वारा जांच को लेकर कार्यवाही शुरू करते हुए ग्राम पंचायतों के सरपंच सचिव को नोटिस जारी कर उनके बयान दर्ज किए थे और रिपोर्ट जनपद सीईओ को प्रेषित भी किए थे, किंतु लगातार जनपद सीईओ के बदलते रहने से वित्तीय अनियमिताओं की जांच केवल नोटिस तामिल कर सीमित रह जाती है। कोरबा जनपद पंचायत के अंतर्गत 76 ग्राम पंचायतें आती है। इन ग्राम पंचायतों में अधिकांश की दूरी जिला मुख्यालय से 70 से 80 किलोमीटर दूर है और इन पंचायतों तक अधिकारियों का पहुंचता टेढ़ी खीर रहता है। लिहाजा जांच ही पूरी नहीं हो पाती। ग्राम पंचायत विमलता के अंतर्गत पंचायत के द्वारा दो आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण उसके आश्रित ग्राम में किया जा रहा है, जो अब तक नींव स्तर से ऊपर नहीं उठ सका है और राशि निकाली गई है। ऐसे में वित्तीय गड़बड़िया सामने आई है, लेकिन जनपद की ओर से केवल नोटिस जारी हुई है। इसी तरह प्राइयमरी स्कूल का निर्माण भी अधूरा है। जिसकी जानकारी विकासखंड शिक्षा अधिकारी कोरबा के द्वारा जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को दी गई है। उक्त मामले की भी जांच करा रोपण अधिकारी ही कर रहे हैं। अब तक जांच रिपोर्ट में कितनी रिकव्हरी की कार्यवाही हुई है यह भी सामने नहीं और ना ही आंगनबाड़ी केन्द्र और स्कूल भवन का निर्माण पूरा हो सका।

**लंबे समय से जमे हैं पंचायत सचिव**

जनपद के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायतों में लंबे समय से पंचायत सचिव के जमे रहने से भी कामकाज प्रभावित हो रहा है। जिला पंचायत के द्वारा इस मामले को लेकर पूर्व में ही पंचायत सचिव के स्थानांतरण को लेकर निर्देश भी दिए गए थे, लेकिन जनपद सीईओ की ओर से स्थानांतरण तो दूर की बात उन्हें बदला भी नहीं गया है, अपितु एक पंचायत सचिव को एक से अधिक पंचायत का अधिकार ही मिला हुआ है। लोकसभा चुनाव के बाद जिला पंचायत के द्वारा पंचायत सचिवों के स्थानांतरण की कार्यवाही की जाएगी।

### करंट की चपेट में आई महिला, मौत

**कोरबा।** एक 40 वर्षीय महिला द्वारा कूलर को चालू करने के दौरान अचानक कूलर में करंट प्रवाहित हो गया और उसकी चपेट में आने से महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। आनन फानन में परिजन उसे किसी तरह उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे लेकिन उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। मामला बांकीमोंगरा थाना क्षेत्र के पेंडरीदफाई की है। जानकारी के अनुसार यहां निवासरत बाजूलाल चौहान की 40 वर्षीय पत्नी संतोषी बाई गुरुवार की रात अपने घर में कूलर को चालू कर रही थी कि इसी दौरान वह करंट प्रवाहित कूलर की चपेट में आ गई। इसके उपरांत परिजन उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया।

### 9, 10, 17 व 21 को बंद रहेगा पशुवध कार्य

**कोरबा।** निगम क्षेत्रांतर्गत संचालित समस्त वधशालाओं एवं मांस विक्रय की दुकानों को दिनांक 9, 10, 17 व 21 अप्रैल को पूर्ण रूप से बंद रखा जाएगा। इन तिथियों में किसी प्रकार का पशुवध न होगा और न ही मांस का विक्रय होगा। निगम द्वारा 9 अप्रैल गुडीपाडवा, 10 अप्रैल चैटीचांद, 17 अप्रैल को रामनवमी तथा 21 अप्रैल को महावीर जयंती के विशिष्ट अवसर पर पशुवधगृहों व मांस विक्रय की दुकानों को पूर्ण रूप से बंद रखने तथा किसी भी प्रकार का पशुवध न करने और न ही मांस का विक्रय करने के निर्देश समस्त पशुवधगृह संचालकों व संबंधित दुकानदारों के दिए है।




# रंगोली बनाओ, मतदाता जागरूकता लाओ, प्रतियोगिता का हुआ आयोजन




हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत के मार्गदर्शन में स्व. प्यारेलाल कंवर शासकीय महाविद्यालय भैंसमा में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत रंगोली बनाओ मतदाता जागरूकता लाओ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने रंगोली के माध्यम से विविध आकृति बनाकर मतदान प्रथम कर्तव्य, 7 मई को मतदान अवश्य करने एवं समाज के प्रत्येक वर्ग को मतदान में भाग लेकर लोकतंत्र को सशक्त बनाने का संदेश भाव चित्रित किया। कार्यक्रम में एम.ए. तथा एम. कॉम. के छात्र-छात्राओं निकिता कुर्रे, निशा दिवाकर, हेमलता, साधना, वैशाली, नीता, रमादेवी, प्रियंका कुर्रे, सुनिता पटेल, अरविन्द लहरे, इंद्र सिंह वाकरे, हेमपुष्पा कंवर, रामकुमार खुंटे एवं सोनिया सहित अन्य छात्र-छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया।







